E-mail: director@cbseacademic.in
Website: www.cbseacademic.in

Tel: 011-23212603
23211576
Tele Fax: 011-23234324

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षा सदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, Delhi-110002

**CBSE/DIR(ART&I)/HIQ/2013/**

**दिनांकः 10 जुलाई, 2013**
**परिपत्र संख्या–अका॰ 46/2013**

**के॰मा॰षि॰बो॰ से संबद्ध**
**सभी विद्यालयों के प्रमुख**

**विषयः XII सी॰बी॰एस॰ई॰ हेरिटेज एजुकेषन एवं हेरिटेज इंडिया क्विज़, 2013**

**प्रिय प्रधानाचार्य,**

भारत, ऐसे वृहत् एवं प्राचीन सांस्कृतिक–धरोहरों से सम्पन्न देश है जिसने यहाँ के लोगों के जीवन और मूल्य–व्यवस्था को गढ़ा है। के॰मा॰शि॰बो॰ यह मानता है कि धरोहर पूर्वोक्त अभिलेखों से ज्यादा है– यह आज और भविष्य के भारत की पहचान का एक अभिन्न हिस्सा है। हमें, एक राष्ट्र के रूप में भी यह स्वीकार करना चाहिए कि आज आर्थिक विकास और आधुनिकीकरण के नाम पर भारत के प्राकृतिक संसाधनों के साथ–साथ इसकी सांस्कृतिक धरोहर के भी समान रूप से नष्ट हो जाने का खतरा है।

समुदाय की साझा धरोहर स्वरूप इन सांस्कृतिक धरोहरों की पहचान के साथ–साथ इन धरोहर स्थलों की मात्र एक सूची बनाने के अतिरिक्त हम इनके संरक्षण और प्रबंधन की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। प्रारंभ में युवा छात्रों के लिए भारतीय धरोहरों को जानने से पहले देश की मान्यताओं, मूल्यों, इतिहास एवं सामाजिक–सांस्कृतिक संदर्भो को बेहतर तरीके से जानना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है।

- बोर्ड ने एक माइक्रो–साइट विरासत शिक्षा पोर्टलः http://heritage.cbseacademic.in को निर्मित किया है जो शिक्षको के लिए एक ऐसा मंच है, जिसके माध्यम से वे अपने छात्रों को स्थानीय धरोहरों को ढूँढने, उन्हें जानने तथा स्वयं को उनसे सुपरिचित करवाने में सहायता कर सकते हैं और इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय धरोहर स्थलों के साथ जोड़ने के लिए संपर्क उपलब्ध करा सकते हैं। विद्यालयों द्वारा विकसित सामग्रियों को अपलोड कर दिया गया है तथा उनके योगदान को विधिवत अभिस्वीकृत किया गया है।
- के॰मा॰शि॰बो॰ 12 जनवरी को धरोहर दिवस मनाता है, जब छात्र देश के धरोहर–स्मारकों की रक्षा एवं उनके संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। बोर्ड ने छात्रों के समग्र अनुभवों को समृद्ध करने के लिए हेरिटेज क्लब, हेरिटेज वॉक के अलावा कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से धरोहर संरक्षण को बढ़ावा देने पर ज़ोर दिया है।
- 2001 में ''सी॰बी॰एस॰ई॰ हेरिटेज इंडिया क्विज'' की शुरूआत की गई है जो कि एक अंतर विद्यालयी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता है, जिसे बोर्ड द्वारा छात्र समुदाय में भारत की सांस्कृतिक विविधता

से संबंधित विस्तृत समझ को बढ़ाने तथा उसके प्रति जागरूकता में वृद्धि करने के लिए शुरू किया गाया है। वर्ष 2013 के इस कार्यक्रम का संस्करण AETN18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ का एक संयुक्त उद्यम है जिसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा–

पहला चरण – नगर सभा – सितंबर के पहले सप्ताह से मध्य अक्टूबर तक

दूसरा चरण – क्षेत्रीय सभा – मध्य नवंबर से दिसंबर के पहले सप्ताह तक

तीसरा चरण – राष्ट्रीय सेमी फाइनल एवं फाइनल – दिसंबर के मध्य सप्ताह

निर्देश – निर्णायक शहरों (स्थलों) का निर्णय बाद में किया जाएगा।

**चरण 1– नगर सभा–पंजीकरण**

नगर सभा को भौगोलिक आधार एवं प्रत्येक क्षेत्र से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर एक, दो तीन या छह नगर सभाओं में बाँटा जाएगा। यह कार्यक्रम हर CBSE क्षेत्र में कम से कम एक एवं ज्यादा से ज्यादा छह स्थानों में आयोजित किया जाएगा।

1.1 – नगर सभा, सितम्बर के पहले सप्ताह से लेकर मध्य अक्तूबर के बीच में अंतरिम रूप से आयोजित की जाएगी। एक दिन का यह आयोजन दो स्तरों का होगा। प्रत्येक विद्यालय से तीन छात्रों की टीम द्वारा प्रतिनिधित्व किया जाएगा और इस प्रकार एक ऐसी टीम बनाई जाएगी जिसके छात्रों का चुनाव कक्षा IX-XII में से किया जाएगा।

**पहला स्तर–दौरः लिखित निष्कासन**

यह दौर पावर प्वाइंट आधारित प्रश्नोत्तरी के रूप में होगा जहाँ प्रत्येक विद्यालय की टीमें प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में देंगी। इसमें 25 मिनट में 30 प्रश्नों के उत्तर देनें होंगे। छात्रों को उनके उत्तर उपलब्ध करा दिए जाएगें जिससे अगले दौर की योग्यता के लिए उनका तभी आकलन हो जाएगा।

**दूसरा स्तर–दौरः ऑन–स्टेज**

60–75 मिनट के ऑन–स्टेज क्विज़ के दौर में दृश्य, श्रव्य एवं मौखिक प्रश्नों का समावेश होगा, जिसे प्रथम स्तर के विशेषकों के लिए आयोजित किया जाएगा। यह दौर शहर के प्रमुख विद्यालयों में आयोजित किया जाएगा।

1.2 – प्रत्येक समूह से विजेता क्षेत्रीय निर्णायक दौर के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। क्षेत्रीय सभा में छह समूह शामिल होंगे।

**चरण 2ः क्षेत्रीय सभा**

2.1 – क्षेत्रीय सभा, 2013 के मध्य नवम्बर से लेकर दिसम्बर के पहले सप्ताह के बीच में आयोजित की जाएगी। नगर सभा से संबंधित–समूह–विजेताओं के बदले प्रत्येक क्षेत्र से 6 शीर्ष समूहों को एक समूह में क्षेत्रीय–निर्णायक–दौर में रखा जाएगा। यह दौर, दृश्य, श्रव्य एवं मौखिक प्रकार के मिश्रित प्रश्नों के साथ ऑन–स्टेज होगा। प्रत्येक क्षेत्र से दो टीमों को राष्ट्रीय स्तर पर सेमीफाइनल दौर के लिए अर्हता प्राप्त होगी।

2.2 – शहरी एवं क्षेत्रीय सभा हेतु ड्रॉ एवं कार्यक्रमों की सूचना, संबंधित विद्यालयों को अग्रिम तौर पर दे दी जाएगी ताकि वे अपनी यात्रा, आवास एवं भोजन की आवश्यक व्यवस्था कर सकें।

**चरण 3: राष्ट्रीय सेमीफाइनल एवं फाइनल दौर**

3.1 – राष्ट्रीय सेमीफाइनल एवं फाइनल दौर, सितंबर 2013 के मध्य में अंतरिम रूप से आयोजित किया जाएगा। आठ प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में से शीर्ष 16 टीमों को 4 समूहों वाले 4 टीमों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह के विजेता निर्णायक दौर के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। सेमीफाइनल एवं फाइनल दौर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम होगा जिसे टेलीविजन पर प्रसारित किया जाएगा।

इच्छुक विद्यालयों को अपना पंजीकरण फार्म जमा करना चाहिए तथा 8 अगस्त 2013 से पहले www.cbseacademic.in पर उपलब्ध ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म (संलग्नA) में, अपने विद्यालय की संख्या एवं संबद्धता संख्या भरकर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर लें। इसे नोट किया जा सकता है कि फॉर्म में प्रविष्ट विवरण को एक बार ऑनलाइन प्रस्तुत करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता।

विद्यालयों से यह अनुरोध किया जाता है कि वे अपने फॉर्म का A-4 प्रिंट–आउट निकालें तथा उसके साथ, सचिव के०मा०शि०बो० के पक्ष में पंजीकरण शुल्क के रूप में INR 600 का DD लगाकर उसे विद्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर से साथ, श्री संदीप सेठी, शिक्षा अधिकारी, CBSE, 17 राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली–110002, को स्पीड पोस्ट से 12 अगस्त से पहले भेजें। डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से पंजीकरण शुल्क के प्राप्त हो जाने के बाद ही ऑनलाइन पंजीकरण मान्य होगा।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए आखिरी तारीख 8 अगस्त है। विद्यालयों को सुझाव दिया जा रहा है कि वे बिना किसी तरह की देर किए जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करें।

यह प्रतिभागिता कक्षा IX-XII के छात्रों के लिए खुली है। इच्छुक विद्यालयों से आग्रह है कि वे अपने विद्यालय से ऐसे तीन छात्रों का चयन करे और स्पॉन्सर करें जिन्हें उन्होने क्षेत्रीय सभा में अन्य विद्यालयों की टीमों के साथ प्रतियोगिता करने के लिए एक टीम के रूप में पंजीकृत किया है।

जिन टीमों का निर्णायक दौर में मुकाबला होगा उन टीमों के तीनों छात्रों तथा उनके अनुरक्षक शिक्षक को आरक्षण शुल्क सहित द्वितीय श्रेणी का रेल किराया दिया जाएगा।

विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार और ट्रौफियों के अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए जाएँगे:

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹ 21,000/- X 1 टीम | ₹ 21,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹ 12,000/- X 1 टीम | ₹ 12,000/- |
| तृतीय पुरस्कार | ₹ 7,500/- X 1 टीम | ₹ 7,500/- |
| चतुर्थ पुरस्कार | ₹ 4,500/- X 1 टीम | ₹ 4,500/- |
| अर्ध–निर्णायक दौर के लिए द्वितीय पुरस्कार | ₹ 3,000/- X 4 टीम | ₹ 12,000/- |
| अर्ध–निर्णायक दौर के लिए तृतीय पुरस्कार | ₹ 1,500/- X 4 टीम | ₹ 6,000/- |

नियम और कायदे पंजीकरण फॉर्म के साथ दिए गए हैं

आगे की जानकारियों के लिए, श्री संदीप सेठी शिक्षा अधिकारी, CBSE, 17 राउज़ एवेन्यू, नई दिल्ली–110002, पर 011–23217128 पर फोन से तथा eo-ss@cbseacademic.in पर ई–मेल से संपर्क कर सकते है।

गतिविधियों के विभिन्न दौर के आगे की अधिसूचना एवं अद्यतन के लिए, कृपया के॰मा॰शि॰बो॰ के शैक्षणिक वेबसाइट www.cbseacademic.nic.in पर जाएँ।

हम आपके पूर्ण सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।

भवदीया

**डॉ॰ साधना पाराषर**

**प्रोफेसर एवं निदेषक (षैक्षणिक, अनुसंधान, प्रषिक्षण एवं नवाचार)**

निवेदन के साथ, सभी निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना देने के लिए प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18–इन्स्टिटूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली – 110016.
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, ए.28ए कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली.
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकारए पुराना सचिवालय, नई दिल्ली.–110054
4. निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर–9, चंडीगढ़–160017.
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
6. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरूणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111.
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर–744101.
8. राज्य शिक्षा संस्थान, के॰मा॰शि॰बो॰ कक्ष वी॰आई॰पी॰ मार्ग, जंगली घाट, पी॰ओ॰–744103, अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह।
9. केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस॰एस॰ प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली–110085.
10. शिक्षा अधिकारी/सह–शिक्षा अधिकारी, शैक्षणिक विभाग, के॰मा॰शि॰बो॰
11. अनुसंधान अधिकारी (तकनीकी) को इस परिपत्र को के॰मा॰शि॰बो॰ की वेबसाइट पर डालने के अनुरोध के साथ।
12. पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, के॰मा॰शि॰बो॰
13. अध्यक्ष, के॰मा॰शि॰बो॰ के कार्यकारी सचिव
14. सचिव, के॰मा॰शि॰बो॰ के डेस्क अधिकारी/निजी सहायक
15. परीक्षा नियंत्रक, के॰मा॰शि॰बो॰ के निजी सहायक
16. निदेशक (शैक्षणिक) के॰मा॰शि॰बो॰ के निजी सहायक
17. संयुक्त सचिव, (संयुक्त प्रवेश परीक्षा), के निजी सहायक

18. विभाग अध्यक्ष, (एडुसैट) के निजी सहायक
19. जन संपर्क अधिकारी के॰मा॰शि॰बो॰, के निजी सहायक
20. के॰मा॰शि॰बो॰ के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को अपने–अपने क्षेत्र के सभी संबद्ध विद्यालयों के प्रमुखों को भिजवा दें।

**प्रोफेसर एवं निदेषक (षैक्षणिक, अनुसंधान, प्रषिक्षण एवं नवाचार)**